प्रेस नोट

दिनांक 24.06.2024

थाना जलालपुर पुलिस द्वारा हत्या के 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन मे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों के गिरफ्तारी के संबंध मे चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे आज दिनांक 24.06.2024 को थाना जलालपुर पुलिस द्वारा मु0अ0स0 112/2024 धारा 302 भा0द0स0 से संबंधित, विवेचना के क्रम में व पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आए 02 वांछित अभियुक्त 1.संजय पुत्र मातादीन 2.राजेश पुत्र रामऔतार को ममना सरीला तिराहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय भेजा गया। मृतक के पिता के द्वारा जिन नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध तहरीर दी गई थी, घटना मे उनकी संलिप्तता नहीं पायी गई।

ज्ञातव्य है कि दिनांक 21.06.2024 को ललैया पुत्र पंचोल दोहरे निवासी बीलपुर थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर ने सूचना दी कि उनके लड़के लखन (उम्र करीब 28 वर्ष) का शव संतोष पुत्र मल्हू के खेत ग्राम बीलपुर में मृत अवस्था में पड़ा है। शव के दोनों हाथ रस्सी से बंधे है और मुंह में कपड़ा भरा है। सूचना पर थाना जलालपुर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर फील्ड यूनिट टीम के साथ साक्ष्य संकलित किए गए। अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के द्वारा घटनास्थल का निरिक्षण किया गया। थाना जलालपुर पुलिस द्वारा शव को कब्जा पुलिस में लेकर पंचायतनामा/पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई। मृतक के पिता से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जलालपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 112/2024 धारा 302 आईपीसी का अभियोन पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा पुलिस टीमों का गठन कर घटना के सफल अनावरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

अभियुक्तों से पूछतांछ का विवरण-

पूछतांछ के क्रम अभियुक्तों के द्वारा बताया गया कि दिनाँक 20.06.2024 को मृतक के साथ मिलकर नशा किया गया इसी दौरान मृतक के द्वारा नशे में अभियुक्त1.संजय पुत्र मातादीन व 2.राजेश पुत्र रामऔतार के साथ गाली गलौज की गई। पूर्व मे कई बार मृतक के द्वारा उनके साथ गाली गलौज की गई थी। जिससे आवेश में आकर अभियुक्तों द्वारा मृतक के गमछे से ही गला घोंटकर हत्या कर दी गई व उसके गमछे के कुछ हिस्से को उसके मुँह मे डाल दिया गया तथा शव को गाँव के ही संतोष पुत्र मल्हू के खेत में फेक दिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण

1.संजय पुत्र मातादीन निवासी बीलपुर थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर (उम्र करीब 24 वर्ष)

2.राजेश पुत्र रामऔतार निवासीगण बीलपुर थाना जलालपुर जनपद (उम्र करीब 25 वर्ष)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

1. प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन
2. उ0नि0 सत्यप्रकाश पाण्डेय
3. का0 ललित कुमार यादव
4. का0 अभिषेक कुमार मौर्य